तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 17. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

कृषि और पशु सखियों ने किया प्राकृतिक कृषि मॉडल का अवलोकन 4



## खबर संक्षेप

### गाड़ी खरीदी बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी, फरार आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। गाडी खरीदी बिक्री के नाम पर लाखों की धोखाधडी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। मिली जानकारी के अनुसार केरा रोड भांठापारा निवासी सुखीराम साहू थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है जिसे स्वयं के उपयोग हेतु एक सेकंड हैंड चार पहिया वाहन की आवश्यकता होने पर उसने एक मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क किया। संपर्क के दौरान उसने अपना नाम दुर्ग निवासी वसीम खान बताया। प्रार्थी के द्वारा एक सेकंड हैंड गाड़ी खरीदने की बात करने पर उसने अपने एक चार पहिया वाहन मारुति सुजुकी की कीमत 5 लाख 20 हजार बताई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मोबाइल धारक के विरुद्ध 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना के दौरान आरोपी का पता तलाश हेतु पूर्व में पुलिस टीम ने दुर्ग में दबिश दिया था परंतु आरोपी लगातार फरार था। उक्त आरोपी को सायबर तकनीकी के माध्यम से दुर्ग से पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### धान बेचने वाले कृषकों को होली से पहले मिली बोनस की राशि

# एक लाख से अधिक किसानों के खाते में आए 450 करोड़

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को होली त्यौहार से पहले बोनस की राशि का वितरण किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 18 हजार 927 किसानों के खातो में 450 करोड़ 85 लाख 45 हजार 132 रुपये की अंतर राशि जमा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल तरीके से किसानों से संवाद भी किया।

होली पर्व से पहले प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार 28 फरवरी को कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान बोनस वितरण किया। जिले के किसानों को जिला मुख्यालय जांजगीर के आडिटोरियम के अलावा ब्लाक मुख्यालयों में समारोह आयोजित कर बोनस राशि बांटी गई। जिले के 1 लाख 18 हजार 927 किसानों के खातों में कुल 450 करोड़ 85 लाख 45 हजार 132 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अंतरित की गई। यह आर्थिक सहायता किसानों को आगामी फसल की तैयारी, कृषि निवेश एवं घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक होगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों व किसानों ने देखा और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि किसान होली का त्योहार अच्छे से मनायें इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान की जा रही है। इस मौके पर आडिटोरियम में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिपं सदस्य राजकुमार साहू, श्रीमती प्रियंका पुष्पेंद्र सिंह, जपं अध्यक्ष अर्चना देवांगन, नपा उपाध्यक्ष मोहन यादव, इंजी रवि पांडेय, आशुतोष गोस्वामी, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, एसपी विजय कुमार पांडेय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित किसान उपस्थित रहे।



किसान को बोनस राशि का भुगतान का प्रमाण पत्र देते अतिथि।

### सक्ती जिले में 88 हजार किसानों को मिला बोनस

सक्ती। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सक्ती जिले के किसानों के खाते में 346.59 करोड़ रूपए की राशि का सीधा अंतरण किया। जिले के 88 हजार 307 किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर के कार्यालय जपं सभागार में विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो व किसानों की उपस्थित किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बेचे गए धान का किसानों के खातों में अंतर की राशि अंतरित होने से जिले के किसानों में उत्साह का माहौल है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू सहित अधिकारी कर्मचारी और किसान उपस्थित थे।

# प्लांट में काम करने गया मजदूर लापता परिजन ने गेट के सामने किया प्रदर्शन

### डभरा क्षेत्र के उच्चपिण्डा स्थित आरकेएम प्लांट का मामला

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र अंतर्गत उच्चपिण्डा में संचालित आरकेएम पॉवर प्लांट में काम करने गया एक कर्मचारी लापता हो गया है। ड्यूटी के बाद कर्मचारी घर नहीं लौटा और उसका कही कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने प्लांट के मेन गेट के सामने बैठकर दिन भर प्रदर्शन किया। इधर पुलिस की टीम लापता कर्मचारी की पतासाजी में जुट गई है।



प्लांट के मेन गेट के सामने प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

सक्ती जिले के उच्चपिण्डा में आरकेएम पॉवर प्लांट संचालित है। प्लांट में ग्राम सारसकेला निवासी 40 वर्षीय सुरेश कुमार टंडन मेंटनेंस वर्कर का कार्य करता है। प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार 27 फरवरी को प्लांट गया। उसकी सुबह की शिफ्ट में ड्यूटी थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने जब मोबाइल पर फोन लगाया तो कोई संपर्क नहीं हो सका। अपने स्तर पर पतासाजी करने के बाद परिजन प्लांट पहुंचे, जहां कोई जानकारी नहीं मिल सकी। ऐसे में नाराज परिजन और ग्रामीणों ने शनिवार 28 फरवरी को सुबह प्लांट के मेन गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। समझाईश के बाद शाम को परिजन वापस घर लौटे। इस संबंध में फगुरम चौकी प्रभारी संतोष तिवारी का कहना है कि प्लांट प्रबंधन की ओर से खोजबीन की बात परिजनों को कही गई है। वहीं पुलिस भी सीसीटीवी फुटेज जुटाते हुए खोजबीन में जुट गई है।

# रेत का अवैध परिवहन करते 14 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अकलतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 हाइवा वाहनों को जप्त किया है। सभी वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए।

अवैध खनन के विरुद्ध सख्त अभियान के तहत एसडीओपी अकलतरा प्रदीप सोरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीती देर रात हाईवे मार्ग पर दबिश दी। इस दौरान रेत से भरे 14 हाइवा वाहनों को पकड़ा गया। पुलिस ने सभी वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया। संबंधित वाहन चालकों और मालिकों के विरुद्ध गौण खनिज अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।



# रेलवे ओव्हरब्रिज के नीचे 6 किलो से अधिक गांजा के साथ पकड़े गए 2 नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दो नाबालिग बालकों को पुलिस ने गांजा के साथ पकड़ा। उनके कब्जे से 6.874 किलो गांजा बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

चांपा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि रेलवे स्टेशन चांपा के ओवरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान दो संदिग्ध पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे, जिन्हें तत्परता से पकड़ लिया गया। सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृव में समक्ष गवाहों की उपस्थिति में एनडीपीएस एक्ट के तहत तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से कुल 6.874 किलो गांजा एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। दोनों के विरुद्ध धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव, उपनिरीक्षक उमेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक नरसिंह बर्मन, आरक्षक गौरीशंकर राय सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### वेल विशर फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदान किया सिलाई मशीन



**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह द्वारा स्वर्गीय बूटन सिंह चौहान की स्मृति में तरौद निवासी श्रीमती संतोषी सिंह को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष अपने स्थापना दिवस पर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई मशीन प्रदान करती है, ताकि वे सिलाई-कढ़ाई का कार्य कर अपने जीवन-यापन के लिए आय अर्जित कर सकें। संस्था के सदस्य श्रीपाल सिंह ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिनमें महिला सशक्तिकरण प्रमुख है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी सिलाई मशीन प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अब तक संस्था द्वारा हर साल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की जाती है। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव चिराग शर्मा एवं सदस्य सतीश मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी दरों में कटौती का चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया स्वागत

**जांजगीर- नैला।** भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा राज्य में रजिस्ट्री की दरों और स्टांप ड्यूटी में की गई



भारी कटौती के निर्णय का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वागत किया है। पूर्व में बढ़ाई गई दरों को वापस लेकर जनता और व्यापारी वर्ग को राहत देने के इस ऐतिहासिक कदम के लिए चैंबर की ओर से राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस जनहितैषी फैसले से बाजार में निवेश की वापसी होगी और रियल एस्टेट सेक्टर में फिर से तेजी आएगी। दरों में कमी आने से बाजार में रुका हुआ बड़ा फंड निवेश के रूप में वापस आएगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति सुनिश्चित होगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री दरों में कटौती होने से जमीन और संपत्तियों के लेन-देन में सुगमता आएगी, जिससे आम आदमी पर पड़ने वाला अतिरिक्त आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा। बढ़ी हुई दरों के कारण जो जमीन के सौदे रुके हुए थे, वे अब तेजी से पूरे हो सकेंगे। इसका सीधा लाभ किसानों, व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा। चैंबर का मानना है कि इस नीतिगत सुधार से न केवल मध्यम वर्ग को घर और जमीन खरीदने में आसानी होगी, बल्कि बाजार में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे व्यापारिक जगत में उत्साह का संचार होगा।चैंबर ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस निर्णय से हर वर्ग को राहत मिलेगी और प्रदेश का राजस्व भी बढ़ेगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित, रफीक सिद्दिकी बने उपाध्यक्ष

**जांजगीर-चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई



है। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा तैयार सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुमोदित किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया। घोषित कार्यकारिणी में जिले भर से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रफीक सिद्धिकी को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को संगठन में सक्रिय भूमिका और लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद रफीक सिद्धिकी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

### जिले के सभी थाना व चौकियों में बनाया गया चीता स्क्वायड टीम

# होली पर रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली पर्व को लेकर पुलिस द्वारा जिले में चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। होली में हुड़दंग करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर सभी थाना एवं चौकियों में चीता स्क्वायड टीम व पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया है।

इस वर्ष मंगलवार 3 मार्च की रात्रि में होलिका दहन एवं बुधवार 4 मार्च को होली का त्यौहार जिले भर में मनाया जावेगा। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के थाना व चौकी क्षेत्रों में अलग अलग टीम गठित कर, पेट्रोलिंग, फिक्स पॉइंट चिन्हांकित कर ड्यूटी लगाई जा रही है। पुलिस पेट्रोलिंग हेतु थाना-चौकी जांजगीर, नैला, अकलतरा, कोटमीसोनार, मुलमुला, बलौदा, पंतोरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, राहौद, नवागढ़, चांपा,बम्हनीडीह, बिर्रा, सारागांव अलग अलग पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो क्षेत्र में निर्धारित बीट के अनुरूप सघन रूप से पेट्रोलिंग करेगें। चीता स्क्वायड की व्यवस्था पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों में विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण हेतु चीता स्क्वाड के रूप में भी बल तैनात किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि होली पर्व सौहाद्रपूर्ण मनाये, किसी के उपर जबरिया रंग न डाले, न ही जबरिया चन्दा वसूल नहीं करें। मुखौटे धारण कर किसी प्रकार अप्रिय हरकत न करें अन्यथा पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी।

### आपसी भाईचारा व शांतिपूर्वक मनाएं रंगों का पर्व होली

**बम्हनीडीह।** पुलिस थाना बम्हनीडीह में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, अवैध गतिविधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी अपनी बात रखी और विभिन्न सुझाव दिए । बैठक में अधिकारियों ने कहा कि होली जैसे पर्व सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का प्रतीक हैं ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या उग्र व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया । बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम पवन कोसमा, तहसीलदार शशिभूषण सोनी और नयन तहसीलदार संजय बरेठ सहित गण्मान्य नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि होली के नाम पर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा ।

### तहसीलदार व थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

**राहौद।** होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस सहायता केंद्र राहौद में शनिवार को शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार उप तहसील राहौद, थाना प्रभारी शिवरीनारायण व नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारीगण शामिल हुए। शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए शिवरीनारायण थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है, जिसे सभी को मिलजुलकर शांति और सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार की जबरदस्ती, हुड़दंग या बिना सहमति के रंग लगाने जैसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी, वहीं हुड़दंग मचाने, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उत्पात मचाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए पेट्रोलिंग पार्टी निरंतर पेट्रोलिंग करती रहेगी। नायब तहसीलदार चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र राहौद ,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक कश्यप ,गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष परम कुर्रे, विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद देवांगन,नपं राहौद सभापति संतोष यादव, सभापति अमित अनंत, पार्षद ,योगेश देवांगन, नरसिंग गोंड, भवानी शंकर चंदेल, धीरेंद्र नाथ योगी, प्रभात कश्यप, सुनील गुप्ता , शिवधन केवट केवट,नारायण अग्रवाल, लक्ष्मी कांत पटेल, फूल साय पटेल, प्रकाश चंदेल, सुखसागर चंदेल,आरक्षक बेदराम पटेल,कोटवार पुलिस सहायता केंद्र के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### निस्तारी के लिए नहरों में कल से छोड़ा जाएगा पानी

**सक्ती।** गर्मी में होने वाले जलसंकट को देखते हुए निस्तारी के लिए सोमवार 2 मार्च से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। जल निस्तारी वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण को लेकर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिले की नदियों, नालों एवं तालाबों में हसदेव बांयी तट नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ करने की तिथि एवं जल प्रबंधन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्पष्ट किया कि निस्तारी व्यवस्था पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, पशुधन एवं दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार 2 मार्च से नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता हितेंद्र राठौर ने बताया कि मिनीमाता बांध का जल स्तर वर्तमान में 355.75 मीटर है तथा उपयोगी जल भराव क्षमता 2246.83 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जो कुल क्षमता का 77.63 प्रतिशत है। बैठक में कलेक्टर और कार्यपालन अभियंता ने इस बात पर जोर दिया कि उपलब्ध जल का संतुलित एवं सुनियोजित उपयोग किया जाए, क्योंकि पानी दिए जाने के उपरांत ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी हेतु जल उपलब्धता सीमित रह सकती है।

### सौरभ सिंह ने हितग्राहियों को किया जनसंपर्क राशि का चेक वितरण



**अकलतरा।** प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अनुशंसा पर अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के हितग्राहियों को जनसंपर्क मद की राशि का चेक वितरण सौरभ सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनसंपर्क मद की राशि से क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंच सकेगा। उन्होंने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन यादव, पहरिया मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास, महामंत्री सुबोध थवाईत, सेवा सहकारी समिति पोड़ी दलहा के देवकुमार अघरिया, पुष्पेंद्र थवाईत (भैंसतरा), पूर्व सरपंच प्रमोद साहू (खैजा), राकेश शर्मा, संतोष यादव, भगवती गोड़, कान्हा अग्रवाल, हितेश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांवो में डॉक्टर की भूमिका निभाती हैं स्वास्थ्य मितानिन : सत्यलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

जिले के बलौदा ब्लॉक मुख्यालय में स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में

■ स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष

जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई।

उपस्थित स्वास्थ्य मितानिनो एवं लोगों को इंजी. मिरी ने सम्बोधित करते हुए कहा हमारी मितानिन बहने छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करवाती हैं और समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता के साथ ग्रामीणों को साफ-सफाई पोषणऔर मलेरिया टीबी निमोनिया जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक भी करती, एक तरफ से गांव में वह डॉक्टर की भूमिका भी निभाती हैं। उन्होंने मितानिनों को प्रोत्साहित करते हुए आगे कि सामान्य बीमारियों के लिए प्राथमिक उपचार देना और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने का भी कार्य करती हैं। अध्यक्ष ने कहा कि संस्थागत प्रसव (अस्पताल में डिलीवरी) को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ घर-घर पहुंचाती हैं। अपने संबोधन में इंजी. मिरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन सरकार में स्वास्थ्य को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुये आगामी वर्ष के बजट में किये गए प्रावधानों की जानकारी भी साझा की। इस दौरान उन्होंने मीतानिनो से अपील करते हुए सरकार के सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने और जन जागरूकता हेतु आग्रह किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मितानिन सहित अन्य जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी।



सम्मानित करते अतिथि।

### नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन का फाइनल सिलेक्शन ट्रायल आज

**जांजगीर-चांपा।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम चुनने हेतु फाइनल सिलेक्शन ट्रायल 1 मार्च को प्रदेश के चार अलग-अलग जोनों में आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जूनियर वर्ग में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट-फाइव नेटबॉल एवं मिक्स नेटबॉल कैटेगरी में नेशनल टूर्नामेंट की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट आगामी 24 से 31 मार्च तक मुजफ्फरनगर (यूपी) में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ की टीम के चयन हेतु जिलों को चार जोनों में बांटा गया है। पहला जोन दुर्ग सेक्टर-2 स्थित ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसमें राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा और बालोद जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। दूसरा जोन धमतरी प्रखंड स्थित खेल मैदान में होगा, जहाँ बस्तर, कांकेर, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद के खिलाड़ी ट्रायल देंगे। तीसरा जोन जांजगीर के खोखरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, जिसमें जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, रायगढ़, भाटापारा, जीपीएम और सक्ती जिलों के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। चौथा जोन सरगुजा के गांधी मैदान में होगा, जिसमें सरगुजा, सूरजपुर और जशपुर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों के पास एनएफआई रजिस्ट्रेशन नंबर होना अनिवार्य है और केवल वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने राज्य स्तर पर अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया हो।

**जांजगीर में होगा सीनियर मिक्स नेटबॉल टीम का चयन-** इसी के साथ 2री राष्ट्रीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की मिक्स टीम का फाइनल सिलेक्शन ट्रायल भी रविवार 1 मार्च को जांजगीर के खोखरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

### पार्टी का जनाधार बढ़ाने टीम वर्क के साथ करें काम : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ भाजपा के नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल से किया भेट

छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल से उनके जांजगीर-नैला स्थित जनसंपर्क कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिला-जांजगीर-चाम्पा एवं मंडल के किसान मोर्चा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेट किया जिसमें किसान मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, महामंत्री संजीव बंजारे, उपाध्यक्ष राजू कश्यप, संतोष भेड़पाल, पुष्पराज त्रिपाठी, गजेन्द्र सिंह ठाकुर, शिसिर शर्मा, सतीष शर्मा, सुशील सिंह, डॉ. जगदीश बंजारे, तरूण राठौर, त्रिलोक सिंह, सुनील कश्यप, छबी कश्यप, उदय कश्यप, दिनेश चंदेल, प्रदीप राठौर, हरि सोनवानी, श्रीमती अंजनी राठौर, चेतन गोस्वामी, सोनू यादव, पिंकल माली, सत्येन्द्र कश्यप, लखन लाल भार्गव, तुलाराम कश्यप, मोहन कश्यप, अरविंद राठौर, गुहा दास, कोमल प्रसाद सिंगसार्वा, रेशमलाल साहू, अनिल साहू, निरज यादव, नवल ताम्रकर, उमांशू गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, हितेश साहू, नरेन्द्र साहू, रोहित रात्रा, अनुराग केशरवानी, भोजराम साहू, डिगेश मनहर, डुग्गू यादव, आकाश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मोर्चा के पदाधिकारिगण व कार्यकर्तागण उपस्थित थे साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी व नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने सभी नवनियुक्त भाजपा के मोर्चा पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये संगठन में सक्रियता से व टीम वर्क के साथ काम करने एवं भाजपा के जनाधार को और अधिक बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिये प्रेरित किया। सभी पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल का पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल से स्वागत किया। वहीं श्री चंदेल ने सभी पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया। करते हुये उन्हे नये दायित्व के लिये शुभकामनाएं दी।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को गुलदस्ता भेंट करते नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारी।

### कृषि और पशु सखियों ने किया प्राकृतिक कृषि मॉडल का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान नन्दौरखुर्द सक्ती में सक्ती जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में काम कर रहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत प्रत्येक गांव में चयनित कृषि सखी व पशु सखी दीदियों के लिए 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बहेराडीह में स्थित किसान स्कूल का भ्रमण कराया गया, जहां पुरानी विलुप्त चीजों का बड़े पैमाने पर संग्रहित संग्रहालय का अवलोकन किया। इसके साथ ही केले के रेशे से कपड़ा बनाने वाली रेशपेडर मशीन, बड़ी पापड़ बनाने वाली ड्रायर मशीन, 6 फीट ऊंचाई की धनिया, मिनी डेयरी इकाई, गोमूत्र और गोबर से बने विभिन्न उत्पाद, गोबर गैस सयंत्र, वर्मीवाश इकाई, घर के छत पर बागवानी, देशी बीजो का संरक्षण और संवर्धन केंद्र का अवलोकन किया। भ्रमण में ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के फेकेल्टी आशीष कुमार पाठक, मितेश साहू मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, किसान स्कूल के सदस्य व पशु सखी पुष्पा यादव,चेतन बाई साहू, शीला चौहान सहित कृषि सखी व पशु सखी दीदियाँ उपस्थित थे। प्रशिक्षण में शामिल भ्रमण में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचे फेकेल्टी आशीष कुमार पाठक, मितेश साहू, रचना साहू ने बताया कि किसान स्कूल में पहली बार छत्तीसगढ़ की 36 भाजी की इकाई और चेचभाजी और अमारी भाजी की रेशे से निर्मित रंग बिरंगी राखिया तथा कपड़ा पहली बार देखा। इसके साथ ही छः फीट ऊंचाई की धनिया, केंचुआ पालन तथा किसान स्कूल परिसर में बने अक्षय चक्र कृषि मॉडल का को लेकर बारीकी से अवलोकन किया।



भ्रमण पर किसान स्कूल पहुंची कृषि व पशु सखी।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्यों मनाया जाता है बच्चों को दी गई जानकारी

**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्यों मनाया जाता है तथा साथ ही हमारे विश्व एवं भारत के प्रमुख वैज्ञानिकों के बारे में बताया, उनकी प्रेरणा दायक गाथाओं को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया गया। छात्रों को परमाणु क्षेत्र, खगोल विज्ञान, गुरुत्वाकर्षण आदि के खोज के बारे बताया गया। रमन प्रभाव के बारे में भी बच्चों को विस्तार से बताया गया और विज्ञान के छोटे छोटे सिद्धांतों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया गया । छात्रों द्वारा स्वयं भी कई गतिविधियों को करके देखा गया। शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्तर से ही



छात्रों को कुछ नया करने के लिए सोचने और उनकी प्रतिभा को बाहर लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे। शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने कहा कि हमारे आज के परिवेश में नए वैज्ञानिक सोच की आवश्यकता है जिससे 21 वीं सदी की ओर हम विश्व के साथ आगे बढ़ सकें और छात्रों में तार्किक सोच के साथ समस्या समाधान कौशल विकसित कर सकें।

***बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन गुरुवार 5 मार्च से होगा।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
**गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर**







